# खाद्य सुरक्षा टीम ने दशहरा मेला एवं दीपावली के त्यौहार को देखते हुए प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया

**कोटा,** (निसं)। दशहरा मेला एवं दीपावली के त्यौहार को देखते हुए शनिवार 11 अक्टूबर को खाद्य सुरक्षा टीम ने ताबड़तोड़ कार्यवाही की। सीएमएचओ डॉ नरेंद्र नागर ने बताया कि कुछ दिनों से खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा लगातार बाहर से आने वाली बस व ट्रेन द्वारा लाये जाने वाले मावे, पनीर पर निगरानी रखी जा रही थी। इसी क्रम में शनिवार सुबह साढ़े पांच बजे ट्रेन द्वारा दिल्ली से आने वाले मावे के कट्टे उतारे जा रहे थे।

ट्रेन पार्सल विंग द्वारा पहचान कराने पर मावा विक्रेताओं को मौके पर बुलवाकर 2 नमूने मावा के लिए गए साथ 10 कट्टो (40 किलो प्रत्येक) के विक्रेता की पहचान उजागर नहीं होने पर रेल्वे पार्सल अधिकारी एवं रेलवे के खाद्य सुरक्षा अधिकारी को सूचित करते हुए 10 कट्टो में रखा 400 किलो मावा विक्रेता की पहचान होने तक रेलवे की अभिरक्षा में रुकवाया गया। खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा बाहर से आने वाले मावा पनीर मिठाईयो पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। टीम द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर किशोर सागर तालाब स्थित बस स्टेंड पर शिवपुरी से बस द्वारा लाए जा रहे तीन बाक्स में रखे 150 किलो पनीर के विक्रेता की पहचान कर एक नमूना लेकर शेष पनीर नष्ट करवाया गया।



कोटा में दशहरा मेला एवं दीपावली के त्यौहार को देखते हुए शनिवार को खाद्य सुरक्षा टीम ने कार्यवाही की है।

मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर पूनम कालोनी स्थित बेकरी का निरिक्षण कर एक नमूना केक का लिया गया।

खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा दशहरे मेले का निरिक्षण किया। शनिवार को दशहरे मेले में 10 से अधिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर यूज किए जा रहे तेल की टीपीसी वेल्यू चौक की गई। सभी विक्रेताओं को तेल को बार गर्म कर काम में नहीं लेने, फूड लाइसेंस टांग कर रखने, साफ सफाई रखने, कच्चा माल बिल से खरीदने, अवधि पार खाद्य पदार्थ नहीं बेचने के लिए पाबंद किया गया।

साथ ही खाद्य सामग्री खरीदने भंडारण व विक्रय सम्बंधित विभिन्न नियमों से अवगत करवाया गया। साथ ही मेले का लगातार किए जा रहे निरीक्षण से सभी विक्रेताओं के यहा टीपीसी वेल्यू मानक स्तर की पाई गई। दशहरे मेले से गोभी के पकोड़े, नसीराबाद का कचोरा, गुलाबजामुन, मिर्च पाउडर, मैदा, नमक, चटनी, बेसन व विभिन्न प्रकार की खाद्य सामग्री के 21 नमूने खाद्य सुरक्षा एंव मानक अधिनियम के तहत लिया गया। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत लिये गये सभी नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला कोटा भेजा गया। रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

राज्य सरकार व जिला कलेक्टर पीयूष सामरिया द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार दशहरे मेले एंव दीपावली के त्यौहार को देखते हुए सभी प्रकार के खाद्य निर्माता, होलसेलर, विक्रेताओं बाहर से आने वाले मावा, पनीर पर व मेले में बिकने वाली खाद्य सामग्री के विरुद्ध सघन अभियान चलाया जाकर निरिक्षण व नमूनीकरण की कार्यवाही की जाएगी। उपरोक्त कार्यवाहियों में खाद्य सुरक्षा अधिकारी चंद्रवीर सिंह जादौन, अरुण सक्सेना, संदीप अग्रवाल व मौजीलाल कुम्भकार शामिल रहे।

## नगर निगम दक्षिण उपायुक्त ने लम्पी स्किन डिजीज आइसोलेशन सेंटर का किया निरीक्षण

**कोटा,** (निसं)। कोटा नगर निगम दक्षिण उपायुक्त भावना सिंह द्वारा नगर निगम की किशोरपुरा स्थित कायन गौशाला का निरीक्षण किया एवं निरीक्षण के दौरान वहाँ लम्पी वायरस से उबरकर आए हुए 41 गौवंश की स्थिति के बारे मे गौशाला समिति अध्यक्ष जितेंद्र सिंह एवं वहाँ उपस्थित अन्य कर्मचारियों से जानकारी ली साथ ही वहाँ पानी व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, गौवंश को दिए जाने वाले आहार के बारे मे भी जानकारी ली। तत्पश्चात निगम उपायुक्त ने श्रीनाथपुरम स्थित लम्पी स्किन डिजीज आइसोलेशन सेंटर पर भी निरीक्षण किया एवं वहाँ उपस्थित पशुपालन विभाग के कर्मचारियों से पता चला कि वर्तमान मे आइसोलेशन सेंटर पर कुल 22 गौवंश है जिनमे से लगभग 10 गौवंश लम्पी वायरस से पूर्णतया: उबर चुके है एवं स्वस्थ अवस्था मे है जिन्हे कॉयन गौशाला मे जल्द ही शिफ्ट किया जाएगा। शेष 12 गौवंश मे से लगभग 8 गौवंश रिकवरी फेज मे हैं एवं 4 गौवंश का अभी इलाज चल रहा है जिनमे से 2 गौवंश को गंभीर हालत मे आज ही आइसोलेशन सेंटर लाया गया है। उपायुक्त द्वारा आइसोलेशन सेंटर पर उपस्थित पशुपालन विभाग एवं निगम के कर्मचारियों को सेंटर की प्रतिदिन सफाई कराने, दीवार को ऊंची कराने एवं वातावरण स्वच्छ रखने के निर्देश प्रदान किए।

# नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 26 रोगी लाभान्वित हुए

**कोटा,** (निसं)। मोतियाबिंद के रोगियों के लिए लायंस क्लब कोटा के द्वारा नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन निरंतर जारी है।

लायंस क्लब कोटा द्वारा आयोजित नि:शुल्क नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर शनिवार में सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष सोनल नंदवाना ने बताया कि शिविर के 86 लोगों का रजिस्ट्रेशन किया। बीपी, शुगर अन्य बीमारी के चलते 26 नेत्र रोगियों को ऑपरेशन कर को उन्हे काले चश्मे सौपे गए।

शिविर प्रभारी अशोक नुवाल ने बताया कि सभी ऑपरेशन डॉ.विशाल स्नेही ने सभी मरीजो का ऑपरेशन आधुनिक लेजर तकनीक के माध्यम से किया और मरीजों को लेंस प्रत्यारोपित किए। इस अवसर सचिव मुकेशविजय, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीकांत पारीक क्बल सदस्य रमेश व्यास, अजय गुप्ता, सुनील आनंद सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

## गैंगरेप का ईनामी आरोपी उदयपुर से डिटेन

**छबड़ा** (निसं)। पाली पुलिस ने गैंगरेप के ईनामी आरोपी को उदयपुर से डिटेन किया करने में सफलता हासिल कर ली है।

पाली थानाधिकारी विष्णु पंकज ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने 18 मई 2025 को अपनी नाबालिग पुत्री को अपहरण करने की रिपोर्ट करवाई थी।

मामले में नाबालिग की दस्तयाबी की गई। इस मामले के मुख्य आरोपी निलेश लोधा, प्रितम मीणा की गिरफ्तारी की जा चुकी, जो वर्तमान में न्यायिक अभिरक्षा में चल रहे है।

इस अपराध में शामिल राकेश लोधा पुत्र रामकल्याण निवासी धींगाराडी थाना पाली घटना के बाद से ही फरार चल रहा था।

गठित टीम द्वारा शुक्रवार को आरोपी राकेश लोधा को उदयपुर से डिटेन कर लिया है।


**पश्चिम मध्य रेल**

एकल निविदा सूचना

सं. ईएल/50/एनआईटी/63(2025–26)

दिनांकः 09.10.2025

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि.मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यो के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा संख्याः** ईएल/50/279/2025–26, **कार्य का नामः** कोटा मंडलः डीए सेट रूम और पैनल रूम कें CCTV कैमरे का प्रावधान सिम कार्ड और रिमोट मोनिटरिंग डिवाइस के साथ पावर कार के एवं तीन साल के लिए CAMC का प्रावधान।, **अनुमानित लागत (रू.में):** 2,17,555.80, **बयाना राशि (रू.में):** 4,400/–, **कार्य समाप्ति अवधिः** 36 माह, **निविदा प्रस्तुत करने एवं खुलने की दिनांक तथा समयः** 03.11.2025 को 15.00 बजे तक एवं खुलने का समय 15.15 बजे। ऑफर केवल ई–टेण्डरिंग के माध्यम से वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर स्वीकारग किए जायेंगे। निविदा दाता के पास क्लास III डिजिटल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना चाहिए एवं आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना चाहिए। कोई भी निविदा मैनुएली स्वीकार नहीं हैं। निविदा डालने से पहले टेण्डर दस्तावेजों की स्पेशल कण्डीशन्स एवं शर्तें अवश्य पढ लें।

हस्ता.

कृते वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य)

पश्चिम मध्य रेल, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान

एक कदम स्वच्छता की ओर


## सार-समाचार

### लोक गीतों ने समां बांधा

**रामगंजमण्डी,** (निसं)। जवाहर कला केंद्र जयपुर में चल रहे 28वें राष्ट्रीय लोक रंग महोत्सव में हाड़ौती के प्रसिद्ध लोक गायक मोहित मेहता ने एक बार फिर अपनी मधुर आवाज़ और भावपूर्ण प्रस्तुति से श्रोताओं का दिल जीत लिया। उन्होंने राजस्थान की मिट्टी की खुशबू और लोक जीवन की सादगी से भरे गीतों को इस तरह प्रस्तुत किया कि पूरा सभागार तालियों की गूंज से भर गया। मोहित मेहता के साथ गौतम बैरागी ने ढोलक पर और शीतल मेहता ने खड़ताल पर शानदार संगत की। जिससे संगीत का रंग और भी गहरा हो गया। वहीं निहारिका सेन ने अपनी सुंदर नृत्य प्रस्तुति से मंच पर जीवंतता और उत्साह भर दिया। उनके भावपूर्ण नृत्य ने लोक संगीत की आत्मा को खूबसूरती से दर्शाया। कार्यक्रम के बाद दर्शकों ने कलाकारों की खूब सराहना की। मोहित मेहता ने कहा कि लोक संगीत हमारी परंपरा और पहचान है। अगर हम इसे नई पीढ़ी तक पहुँचाएँगे, तो हमारी संस्कृति सदा जीवित रहेगी। राष्ट्रीय लोक रंग महोत्सव में देशभर के कलाकार एक साथ जुटकर अपनी–अपनी लोक परंपराओं, गीतों और नृत्यों के ज़रिए भारत की विविधता और एकता का सुंदर संदेश दे रहे हैं। इस महोत्सव ने जयपुर में एक बार फिर लोक संस्कृति का रंग बिखेर दिया है।

### 1008 कल्पध्रुम महामण्डल विधान शुरू

**कोटा,** (निसं)। चन्द्रोदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र चांदखेड़ी खानपुर पर संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य मुनिश्री विशद सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में श्री 1008 कल्पध्रुम महामण्डल (समवशरण) विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का आज प्रारम्भ हुआ। अध्यक्ष हुकम जैन काका ने बताया कि शनिवार प्रात: 7 बजे मंगलाष्टक, दिग्बंधन, रक्षामंत्र शातिमंत्र, नित्यमह अभिषेक, अभिषेक घटयात्रा पूजन तत्पश्चात मंगल घटयात्रा का आयोजन हुआ। प्रात: 8.30 बजे ध्वजारोहण प्रदीप भैया सुयश द्वारा पूजन एवं ध्वजारोहण किया गया। प्रात: 9 बजे मुनिश्री के प्रवचन हुऐ। प्रदीप द्वारा दिन में 1 बजे सकलीकरण कर पूजा प्रारम्भ की गई। इस भव्य कार्यक्रम के आयोजक पूण्यार्जक पदम कुमार, राजेन्द्र कुमार, हुकम जैन काका, प्रकाश, प्रतीक, वैभव, आर्यदित एवं समस्त हरसोरा परिवार है। प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भैया सुयश एवं जितेन्द्र भैया है। संगीत की व्यवस्था निलेश जैन एण्ड पार्टी ने की। इस अवसर पर सम्पूर्ण भारत तथा आस पास के क्षेत्रों से आये श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्मलाभ उठाया। समिति के गोपाल जैन एडवोकेट, महेन्द्र कांसल, विनोद सुरलाया, कैलाश जैन आदि ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### पांच घण्टे विद्युत आपूर्ति नहीं होगी

**रामगंजमण्डी,** (निसं)। उपखण्ड क्षेत्र में 132 केवी जीएसएस मायला पर 12 अक्टूबर रविवार को प्रसारण निगम द्वारा आवश्यक रख रखाव कार्य किया जायेगा, इसलिए 33 केवी लाइन जुल्मी, रामगंजमंडी, अमरपुरा, कुदायला, सातलखेड़ी व अतरालिया की विद्युत आपूर्ति सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक बंद रहेगी। सहायक अभियंता जयपुर डिस्कॉम रामगंजमंडी ज्वाला कुमार वर्मा ने बताया कि कुंभकोट लखारिया, एएसआई, कुदायला, अमरपुरा, सातलखेड़ी, सुकेत एवं अतरालिया पावर हाउस से जुड़े ग्रामीण, शहरी एवं औद्योगिक क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक बंद रहेगी। इसके साथ ही रामगंजमंडी एवं हाउसिंग बोर्ड पावर हाउस की विद्युत आपूर्ति भी सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक बंद रहेगी।

# 15 लाख का अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा को बरामद किया

**कोटा,** (निसं)। ग्रामीण इलाके की देवली मांझी पुलिस टीम ने मादक पदार्थ तस्करी की रोकथाम एवं तस्करों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत बड़ी कार्यवाही करते हुए कार से अवैध मादक पदार्थ 100 किलो 15 ग्राम डोडा चूरा बरामद किया।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि ग्रामीण इलाको में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी व तस्करों की धरकपकड़ के लिये ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान चलाया जा रहा है।

ग्रामीण एसपी ने बताया कि ग्रामीण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकल्याण मीणा के सुपरविजन में पुलिस उपअधीक्षक वृत सांगोद बाबुलाल रैगर के निर्देशन में देवली मांझी थाने के उप निरीक्षक सुरेश मीणा के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया।

ग्रामीण एसपी ने बताया कि देवली मांझी थाने के उपनिरीक्षक थानाधिकारी सुरेश मीणा के नेतृत्व में गठित टीम ने हरिपुरा मांजी में ढोटी रोड पर कार्यवाही करते हुए कार से अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा से भरे छह कट्टे बरामद किये, पुलिस टीम ने कार्यवाही के दौरान



देवली मांझी पुलिस टीम ने 100 किलो अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा जब्त किया।

100 किलो 15 ग्राम मादक पदार्थ डोडा चूरा को जब्त किया, जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय कीमत 15 लाख रूपये करीब आंकी गई है।

ग्रामीण एसपी ने बताया कि पुलिस टीम ने मौके से बरामद एमपी के रजिस्ट्रेशन नम्बर कार से कई नम्बर प्लेटें बरामद की जिनमें चार राजस्थान नम्बर की, एक गुजराज नम्बर की एवं एक महाराष्ट्र नम्बर की प्लेट बरामद हुई, साथ ही कार में तलाशी के दौरान एक कपडे की थैली बरंग सफेद जिस पर राना बैंगल्स गली नम्बर 11 कल्याण सिंह कालवी प्याऊ रोड जोधपुर लिखा व विभिन्न अक्षर लिखे हुए मिले है, पुलिस टीम ने मौके से अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा एवं कार को जब्त किया एवं मामले में अनुसंधान किया जा रहा है।

देवली मांझी थाने के उप निरीक्षक थानाधिकारी सुरेश मीणा ने बताया कि इलाके में गश्त एवं आकस्मिक चैकिंग के दौरान कार चालक पुलिस टीम को देखकर कार को मौके पर छोड़कर फरार हो गया, पुलिस टीम ने कार की तलाशी ली तो कार से अवैध मादक पदार्थ 100 किलो 15 ग्राम डोडा चूरा बरामद किया एवं कई नम्बर प्लेट बरामद हुई है, मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## कांग्रेस एससी विभाग का संभागीय कार्यकर्ता सम्मेलन व संभागीय बैठक आज

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग का संभागस्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन व संभागीय बैठक कोटा संभाग का आयोजन रविवार को राज्य कृषि प्रबंध संस्थान नयापुरा दरबार पेट्रोल पम्प के पास आयोजित किया जाएगा। अनुसूचित जाति विभाग के जिलाध्यक्ष दिनेश खटीक ने बताया कि राज्य कृषि प्रबंध संस्थान में कोटा संभाग के एससी विभाग के कार्यकर्ता व पदाधिकारी इस दौरान उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां की जा रही हैं।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व केबिनेट मंत्री एवं अध्यक्ष राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी (अनुसूचित जाति विभाग) ममता भूपेश बैरवा होंगी। पूर्व केबिनेट मंत्री ममता भूपेश का दोपहर 12 बजे कुन्हाड़ी पेट्रोल पम्प पर दिनेश खटीक व सीयाराम मेघवाल के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया जाएगा, बड़गांव चौराहे पर मानवाधिकार एंड एंटी करप्शन मिशन राजस्थान के चैयरमैन सीपी आर्य के नेतृत्व में स्वागत होगा। नयापुरा चौराहे पर बैरवा समाज की ओर से भव्य स्वागत होगा। झालावाड़ जिलाध्यक्ष हेमंत बैरवा ने बताया कि पूर्व मंत्री ममता भूपेश सर्किट हाऊस में वह विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों से मुलाकात कर कार्यक्रम में शिरकत करेंगी। कार्यक्रम के दौरान एससी वर्ग पर हो रहे अत्याचार, कांग्रेस की रीति–नीति के तहत आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, राजस्थान में अराजकता का माहौल से आमजन की बढ़ती परेशानियां सहित अन्य विषयों को लेकर चर्चा की जाएगी।

### कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2025/1216 **विज्ञप्ति** दिनांक:-8.10.2025

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम कोटड़ी योजना "आदित्य आवास विस्तार (रॉयल सिटी)" खसरा नं. 290/291, 291/1, 388/291 में स्थित भूखंड संख्या एस-8 के ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु प्राधिकरण कार्यालय में श्री मोहम्मद हयात खान पुत्र गुलाम रसूल खान निवासी-159-ए, आर के नगर पुलिस लाईन कोटा राज. द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। भूखंड संख्या एस-8 का पट्टा क्रमांक 451 दिनांक 21.08.2020 को श्री रमन दीप सिंह पुत्र श्री इकबाल सिंह के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टेधारी द्वारा उक्त भूखंड संख्या एस-8 का बेचान जर्ये अपंजीकृत मुख्तार आम श्री रमेश कुमार नागर पुत्र श्री परमानन्द नागर रजि. विक्रय पत्र दिनांक 15.03.2021 से श्री मोहम्मद हयात खान पुत्र गुलाम रसूल खान को कर दिया गया है।

अत: श्री मोहम्मद हयात खान पुत्र गुलाम रसूल खान के नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

### कार्यालय नगर परिषद बारां (राज.)

क्रमांक:-नपबा/भूमि रुपां./2025/6205 दिनांक:- 9.10.25

**भू-उपयोग परिवर्तन विज्ञप्ति**

नगरीय विकास विभाग की समय समय पर जारी परिपत्र/अधिसूचना के तहत बनाये गये राजस्थान नगरीय क्षेत्र (भू उपयोग परिवर्तन नियम) के अन्तर्गत सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निम्न प्रकरण का भू-उपयोग परिवर्तन हेतु जिला स्तरीय/राज्य स्तरीय भू उपयोग परिवर्तन समिति में रखा जाना प्रस्तावित हैं। उक्त भूमि के भू-उपयोग परिवर्तन बावत किसी को आपत्ति हो तो 15 दिवस में नगर परिषद कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। प्रकरण का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | राजस्व ग्राम खसरा नं. | जोनल प्लान (जॉन बी) में भू-उपयोग | प्रस्तावित भू-उपयोग परिवर्तन | क्षेत्रफल | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | विनोद कुमार विजय पुत्र श्री नवल किशोर विजय निवासी श्री जी का चौक बारां तह. व जिला बारां (राज.) | नलका खसरा नं. 826/333, 827/333 शुभम एन्क्लेव संख्या 01 | सड़क मार्गाधिकार के बाद मिश्रित पश्चात आवासीय | आवासीय से व्यवसायिक | 652.88 वर्गमीटर | |

आयुक्त नगर परिषद बारां

### राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 2001 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 11.10.25

आवास संख्या 1-द-14 विज्ञान नगर, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री साधू राम पुत्र श्री संत राम को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्रीमती शशि प्रभा पत्नी स्व. श्री राजेन्द्र मोहन के नाम दिनांक 24.03.2000 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्रीमती शशि प्रभा पत्नी स्व. श्री राजेन्द्र मोहन द्वारा दिनांक 28.03.2000 को अपने पक्ष में करवाया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्रीमती शशि प्रभा पत्नी स्व. श्री राजेन्द्र मोहन की मृत्यु दिनांक 08.04.2024 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसानों मे श्रीमती शुचिता पत्नी डॉ. नन्दगोपाल पुत्री स्व. श्री राजेन्द्र मोहन द्वारा उक्त आवास में निहित अपने अविभाजित हिस्से का त्याग जरिये रिलीज डीड (हक त्याग पत्र) आलेखित कर दिनांक 27.11.2024 को श्री लुम्बा सचिन पुत्र स्व.श्री लुम्बा राजेन्द्र मोहन एवं श्री पुनीत अग्रवाल पुत्र स्व. श्री राजेन्द्र मोहन के पक्ष में संयुक्त रूप से किया गया।

श्री लुम्बा सचिन पुत्र स्व. श्री लुम्बा राजेन्द्र मोहन एवं श्री पुनीत अग्रवाल पुत्र स्व. श्री राजेन्द्र मोहन द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 1-द-14 विज्ञान नगर, कोटा को उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं रिलीज डीड (हक त्याग पत्र) के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अत: उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं रिलीज डीड (हक त्याग पत्र) के आधार पर श्री लुम्बा सचिन पुत्र स्व. श्री लुम्बा राजेन्द्र मोहन एवं श्री पुनीत अग्रवाल पुत्र स्व. श्री राजेन्द्र मोहन के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री लुम्बा सचिन पुत्र स्व. श्री लुम्बा राजेन्द्र मोहन एवं श्री पुनीत अग्रवाल पुत्र स्व. श्री राजेन्द्र मोहन के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री लुम्बा सचिन पुत्र स्व. श्री लुम्बा राजेन्द्र मोहन एवं श्री पुनीत अग्रवाल पुत्र स्व. श्री राजेन्द्र मोहन के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

# संत सुधासागर रॉयल रेजीडेन्सी का विशद सागर महाराज के सान्निध्य में भव्य उद्घाटन

**कोटा,** (निसं)। संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज के परम शिष्य निर्यापकाचार्य सुधासागर महाराज के आशीर्वाद से तथा विशद सागर महाराजा के सानिध्य में श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चन्द्रोदय, चांदखेड़ी स्थित संत सुधासागर रॉयल रेजीडेन्सी का भव्य उद्घाटन हुआ।

विशद सागर महाराज के सानिध्य में यशवंत पाटनी करणा वाले, राजेन्द्र हरसोरा परिवार, कोटा व सिद्धार्थ शालू परिवार, अशोक नगर वाले द्वारा फीता खोलकर तथा ब्र. प्रदीप भैया ने मंत्रोच्चारण के साथ संत सुधासागर रॉयल रेजीडेन्सी का शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर सबसे हर्ष की बात रही कि निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव 108 श्री सुधासागर महाराज जिनके आशीर्वाद से इस बिल्डिंग का निर्माण हुआ उन्होंने भी इस अवसर पर विडियो कॉफ्रेसिंग के माध्यम से उद्घाटन समारोह को अपना सानिध्य व आशीर्वाद प्रदान किया।

उद्घाटन के अवसर पर विशद सागर महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के अद्भूत कार्य तभी सम्पन्न होते है जब कमेटी का पूर्ण समर्पण हो। चांदखेड़ी कमेटी ने इस



चांदखेडी में संत सुधासागर रॉयल रेजीडेन्सी का उद्घाटन हुआ है।

कार्य में ही नही अपितु चांदखेड़ी के प्रत्येक कार्य में अपना सर्वस्व समर्पण देकर कार्य करती है। कमेटी का पूर्ण समर्पण निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव 108 सुधासागर महाराज के प्रति समर्पित है।

उनके आशीर्वाद के बिना यह कमेटी कोई कार्य नहीं करती है और जिस कार्य का आशीर्वाद मिल जायें उसे पूरी तत्परता के साथ पूर्ण करती है। सुधासागर महाराज की इच्छा व आशीर्वाद के बिना यहां पर एक ईंट भी नहीं लगती है। मुनिश्री विशद सागर महाराज ने कमेटी के कार्य व समर्पण की भूरि–भूरि प्रशंसा की।

उद्घाटन के अवसर अध्यक्ष श्री हुकम काका ने अपने उद्बोधन में कहा कि निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव 108 सुधासागर महाराज के आशीर्वाद से संत सुधासागर रॉयल रेजीडेन्सी का निर्माण समय पर हुआ है, यह महाराज का आशीर्वाद ही है जिसकी वजह से पूरे कार्य में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा है। अध्यक्ष जी कहा कि में घर के कार्य भी नहीं करता हूं लेकिन चांदखेड़ी के किसी भी कार्य में ऐसी भावना आती है कि कार्य में मन लगता है तथा कार्य पूर्ण हो जाता है। इस धर्मशाला को बनाने के लिये हमारी जैसी भावना थी उसी प्रकार कार्य हुआ है।

जैन समाज की सभी धर्मशालाओं में यह सर्वश्रेष्ठ धर्मशाला बताई जा रही है। हमने इस धर्मशाला में बारीक से बारीक बातों का भी विशेष ध्यान रखा हैं। उच्च गुणत्ता के साथ कार्य किया हैं। इस उत्कृष्ट धर्मशाला को बनाने में राजेश शर्मा महावीर कंस्ट्रक्शन तथा आर्किटेक्ट नितेन्द्र यादव का विशेष सहयोग रहा है। निर्माण कार्य हेतु हमें राजेन्द्र हरसोरा का भी मार्गदर्शन मिला जिससे इस बिल्डिंग का निर्माण हो सका।

महामंत्री नरेश जेन वेद ने बताया कि उद्घाटन समारोह में बिल्डिंग के निर्माण में सहयोग करने वाले राजेश शर्मा, नितेन्द्र यादव का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया साथ ही बहादुर सिंह, पप्पु सिंह, कुनाल जैन को भी प्रशस्ति प्त्रदेकर सम्मानित किया गया। कोषाध्यक्ष गोपाल जैन एडवोकेट ने बताया कि इस अवसर पर महेन्द्र कांसल, विनोद सुरलाया, कैलाश जैन आदि ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। अशोक नगर, थोवनजी, राधोगढ़, ललितपुर, उज्जैन, सूरत, पीड़ावा की कमेटी तथा राजस्थान, एमपी, यूपी, गुजरात, महाराष्ट्र आदि से भी श्रद्धालु उपस्थित थे। समारोह का संचालन कोषाध्यक्ष गोपाल जैन एडवोकेट ने अत्यंत कुशलता से किया।

## गीतेश ने 70 वीं बार एसडीपी डोनेट की

**कोटा,** (निसं)। टीम जीवनदाता लायंस क्लब कोटा टेक्नो के साथ दिन–रात लोगों की एसडीपी के माध्यम से सेवा की जा रही है, ऐसे में निजी अस्पताल में भर्ती दिनेश कुमार मित्तल की हालत गंभीर होने पर उन्हें ए पॉजिटिव एसडीपी की आवश्यकता थी, उन्हें पहले ही करीब तीन बार एसडीपी चढ़ाई जा चुकी है, जबकि 15 बार ब्लड चढ़ चुका है, उनकी तबीयत निरंतर स्थिर बनी हुई हैं, जैसे ही चिकित्सकों ने एक बार फिर एसडीपी के लिए कहा तो परिजन चिंतित हो गए, लेकिन उन्हें टीम जीवनदाता पर विश्वास था।

लायंस क्लब कोटा टेक्नो के निदेशक व टीम जीवनदाता के संरक्षक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि देर रात होने से हमेशा सेवा के लिए तत्पर रहने वाले लोगों को ही कॉल किया जाता हैं, ऐसे में गीतेश सिंह को कॉल किया तो वह जयपुर से कोटा आ रहे थे और बूंदी के करीब पहुंच चुके थे।

उन्होंने तत्काल एसडीपी के लिए स्वीकृति दी और वह अपना ब्लड सेंटर तलवंडी पहुंचे और उन्होंने 70वीं बार एसडीपी डोनेट कर गंभीर रोगी की जान बचाने का प्रयास किया।

गीतेश सिंह के भाई रितेश सिंह एवं फूफा इंदर सिंह नाथावत भी सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं और माननीय सेवा को ही ईश्वरीय सेवा का रूप मानते हैं।


नगर निगम, कोटा दक्षिण-उत्तर

**132वाँ राष्ट्रीय दशहरा मेला, कोटा**

दिनांक 12-10-2025, रविवार के कार्यक्रम

**लाइट एण्ड साउण्ड शो**

रात्रि 07:00 बजे। विजय श्री रंगमंच, दशहरा मैदान

**राजस्थानी कवि सम्मेलन**

रात्रि 08:30 बजे। विजय श्री रंगमंच, दशहरा मैदान

गरिमामयी उपस्थिति

श्री जयवीर सिंह, प्रधान पंचायत समिति सांगोद जिला कोटा

श्रीमती कृष्णा शर्मा, प्रधान पंचायत समिति सुल्तानपुर जिला कोटा।

श्री रिंकू मीणा, प्रधान पंचायत समिति इटावा जिला कोटा

श्रीमती कलावती मेघवाल, प्रधान पंचायत समिति खैराबाद जिला कोटा।

श्री हेमन्त यादव, प्रधान पंचायत समिति लाडपुरा जिला कोटा

श्री राजेश रायपुरिया, प्रधान पंचायत समिति तालेड़ा जिला बून्दी

श्री विरेन्द्र सिंह हाड़ा, प्रधान पंचायत समिति केशोरायपाटन जिला बून्दी।

श्री पदम नागर, प्रधान पंचायत समिति नैनवां जिला बून्दी

**किसान रंगमंच**

रात्रि 08:00 बजे

गरिमामयी उपस्थिति

श्री दिनेश सरसिया, मण्डल अध्यक्ष स्टेशन

श्री सत्यनारायण शर्मा, मण्डल प्रतिनिधि स्टेशन

श्री रमेश शर्मा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष स्टेशन

श्री जितेन्द्र चौधरी, पूर्व जिला मंत्री भाजपा

फेज़ 2, दशहरा मैदान

उपरोक्त कार्यक्रमों में आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं

विनीत : विवेक राजवंशी, अध्यक्ष एवं समस्त सदस्य, मेला समिति तथा नगर निगम कोटा दक्षिण-उत्तर

राजस्थान संवाद